# समाचार

## मोबाईल कैंसर जांच वेन शिविर का शुभारंभ किया महापौर ने

(मारवाड़ी युवा मंच एवं जागृति शाखा का आयोजन)




कोरबा 28 नवम्बर 2017 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज मारवाड़ी युवा मंच एवं जागृति शाखा द्वारा आयोजित निःशुल्क विशाल कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का उद्घाटन किया, उन्होने मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों एवं जागृति मंच के प्रतिनिधियों के इस सामाजिक कार्य के लिए प्रशंसा की, उन्हें बधाई दी तथा विश्वास व्यक्त किया कि मंच द्वारा आगे भी ऐसी जनउपयोगी गतिविधियॉं संचालित की जाती रहेगी।

रानी धनराजकुंवर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा में मारवाड़ी युवा मंच एवं जागृति शाखा द्वारा आज निःशुल्क विशाल कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने फीता काटकर मोबाईल कैंसर वेन के इस शिविर का विधिवत शुभारंभ किया, इस शिविर में कैंसर की सभी प्रकार की जांच की जाती है, यह शिविर तीन दिनों तक आयोजित होगा, शिविर में 270 लोगों को पंजीयन किया गया है। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इस मौके पर कहा कि मारवाड़ी युवा मंच एवं जागृति मंच के सदस्यों को बहुत–बहुत बधाई एवं धन्यवाद है कि उनके द्वारा यह जनहितैषी कार्य किया जा रहा है, उन्होने कहा कि इस सराहनीय सामाजिक कार्य में मेरी जहॉं भी आवश्यकता महसूस हो, मुझे बताया जाए, मैं अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करूॅंगी, इस मौके पर समिति द्वारा महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल का सम्मान किया गया तथा उन्हें स्मृतिचिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी, पार्षद अमरनाथ अग्रवाल, प्रेम मदान, राजेश गर्ग, युवा मंच के पदाधिकारी सुनील जैन, रोहणी सुल्तानिया, मनोज अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, कविता अग्रवाल, कविता सोनी आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण एवं मारवाड़ी युवा मंच व जागृति शाखा के सदस्यगण उपस्थित थे।